# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024



**हिमवत्स संस्था द्वारा सी0डी0एल0ए0एस0आर0सी0 कुलेठी** में **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस** आयोजित किया गया, कार्यक्रम की **मुख्य अतिथि ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य संचालिका बहन ज्योति व विशिष्ठ अतिथि नर्सिंग कालेज की प्राचार्या डा0 रश्मि रावत**, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान डड़ा बिष्ट श्री सुन्दर सिंह नेगी और कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र गहतोड़ी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुलेठी परिसर के आस–पास के गाँव( डडा बिष्ट, डुँगरासेठी, पुनेठी, पोल्ड हाउस, छतार आदि) से **40 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।**



सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत में विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया , जिसमें क्षेत्र की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कुर्सी दौड प्रतियोगिता में 18 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रथम स्थान बबीता नेगी, द्वितीय रीता रावत, तृतीय चम्पा रावत द्वारा प्राप्त किया। तथा चम्मच दौड प्रतियोगिता में 20 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रथम स्थान चम्पा रावत, द्वितीय हीरा बोहरा, तृतीय रीता रावत ने स्थान प्राप्त किया।



उसके उपरांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहन ज्योति द्वारा महिलाओं के अधिकार तथा उनके कार्यो एवं **स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन** की बात कही गयी साथ ही विशिष्ठ अतिथि डा0 रश्मि रावत द्वारा समाज में महिलाओं की उपयोगिता बताकर जागरूक कर समाज के लिए कार्य करने करने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जूनियर

विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कविता वर्मा द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं प्रतियोगिताओ के संचालन में अपनी पूर्ण सहभागिता दी गयी। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं तथा छात्राओं का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी भाग लिया और इस दिन को खास बनाने में संस्था को अपना पूरा सहयोग दिया  अंत में श्रीमती रशिम रावत एवं बहन ज्योति ने इस आयोजन के लिए संस्था का विशेष आभार व्यक्त किया।




संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे गॉव की वरिष्ठ महिला श्रीमती दुर्गा रस्यारा, रा0प्रा0वि0 कुलेठी के प्र0अ0 रा0प्रा0वि0 नवीन रस्यारा, जूनियर विद्यालय की स0अ0 श्रीमती कामनी वर्मा, नरेश जोशी, मुन्नी अधिकारी, स्वयं सेवक एवं विभिन्न ग्रामीण महिलाये उपस्थित थे।